# आकाशवाणी शिमला

**25.12.2025** **15:00 बजे**

## अटल

देश आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर नमन कर रहा है। वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वाजपेयी जी ने अपना पूरा जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें एक सशक्त वक्ता और महान कवि के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व राष्ट्र के समग्र विकास के लिए प्रकाश स्तंभ बने रहेंगे।

## शिमला वाजपेयी

इधर प्रदेशभर में भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह शिमला के एतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल समेत अन्य लोगों ने वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वाजपेयी जी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अहम योगदान दिया और देश के विकास में उनकी भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने इस मौके पर कहा कि अटल जी का पूरा जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ही हिमाचल को विशेष औद्योगिक पैकेज दिया था।

## प्रीणी

उधर कुल्लू जिले के प्रीणी गांव में भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने अपने प्रिय नेता को याद किया और देश व प्रदेश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। प्रीणी गांव को वाजपेयी जी अपना दूसरा घर मानते थे और वे कई बार यहां ठहरने आया करते थे।

## क्रिसमस

देश और विदेश में आज क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देशभर के गिरिजाघरों को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला प्रमुख ईसाई त्योहार है। प्रदेश में भी गिरिजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया है। सोलन के सेंट स्टीफन चर्च में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रार्थना सभा व गीत संगीत कार्यक्रम में भाग लिया।